राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने नागौर स्थित तेजास्थली मूण्डवा में वीर तेजा महिला शिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव में भाग लिया

ऑडिटोरियम व कन्या हॉस्टल का किया लोकार्पण

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का किया आह्वान

जयपुर/नागौर,8 फ़रवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को तेजास्थली मूण्डवा में नवनिर्मित संत श्री दुलाराम कुलरिया व संत श्री पदमाराम कुलरिया आडिटोरियम तथा आयचुकी देवी गंगाराम राठी हॉस्टल भवनों का लोकार्पण किया। उन्होंने वहीं बीपीएड कॉलेज के भवन निर्माण का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने लोक देवता वीर तेजाजी को याद करते हुए महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लड़किया किसी से कम नहीं है और वर्तमान में बच्चियां ज्यादा आगे बढ रही हैं। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि अच्छा अभ्यास करें, इसी की जरूरत है।

श्री बागडे ने कहा कि भारत में दुनियाभर का सबसे अधिक टैलेंट था और है। उन्होंने कहा कि जिसके पास कौशल होगा, उसे रोजगार मिल जाएगा, इसलिए भारत सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है। हमारे हाथ में कला है तो सफल होंगे। बच्चों से कहा कि शारीरिक शक्ति बढाओ, इतनी बढाओ कि दूसरों को डर लगना चाहिए। अपना कौशल और बौद्धिक क्षमता बढाने वाला ही आगे जाएगा।

इस पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री जयंत चौधरी ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। श्री चौधरी ने कहा कि राजस्थान की धरती में एक दूसरे के सहयोग की भावना है। यही भारतीयता है, राष्ट्र वाद है।

श्रीमती आयचुकी देवी राठी - श्री गंगाराम राठी कन्या छात्रावास
''लोकार्पण''
श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े
माननीय राज्यपाल राजस्थान के मुख्य आतिथ्य
एवं
श्री जयन्त चौधरी
श्री सुरेश राठी
श्री सी.आर. चौधरी
श्री शरद राठी
एवं
अध्यक्ष
प्रबन्धन समिति

लोक देवता वीर तेजाजी महाराज
लोक देवता वीर तेजाजी महाराज

वीर तेजा महिला शिक्षण
एवं

वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान
तेजास्थली मारवाड़, मूंडवा जिला नागौर
एवं लोकार्पण समारोह
वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान

वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान
तेजास्थली मारवाड़, मूंडवा जिला नागौर
वार्षिकोत्सव एवं लोकार्पण समारोह